**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग**
**संख्या-10(01)/02/ई–2/2023–24**
**प्रयागराजः दिनांक 28 फरवरी, 2024**

# विज्ञप्ति

स्टाफ नर्स एलोपैथ (पुरूष/महिला) (प्रा0) परीक्षा–2023 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर **"Fill online details for Staff Nurse Allopathic (M/F) (Mains) Exam.-2023"** पर Click करने के पश्चात 'Click here to Authenticate' प्रदर्शित होगा, जिस पर Click करके अभ्यर्थी OTR No. एवं पासवर्ड अथवा प्राप्त OTP (रजिस्टर्ड मोबाईल नं0/ई–मेल पर) के माध्यम से Authenticate कर सकते हैं। Authenticate की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात स्कीन पर 'Applicant Dashboard' स्वतः प्रदर्शित होगा। जिसमें Fill online Details for Conventional form पर Click करने पर Fee Payment के लिए पेज open होगा जिसके पश्चात् S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमें भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगेः–

(I) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा।

(II) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

(III) उपरोक्त बिन्दु– II की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित, करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है अथवा, मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से भी किया जा सकता है ।

सभी अभ्यर्थी निर्देशों एवं प्रकिया का भली–भॉति अध्ययन करने के उपरान्त उसका पालन करते हुए प्रत्येक स्तर पर ऑनलाइन सूचनाएं भरकर एवं प्रदर्शित फॉर्मेट पर विकल्प–**प्रयागराज एवं लखनऊ में से वांछित केन्द्र को सेलेक्ट (Select)** करके पूर्ण संतुष्ट होकर "SAVE/SUBMIT" कर लें। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त वांछित सूचना दिनांक **14 March 2024** तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें।

2– आनलाइन "SAVE/SUBMIT" किये गये फार्म सेट को मुद्रित कर लें। आनलाइन फार्म सेट "SAVE/SUBMIT" करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (Edit) आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर प्रदर्शित विकल्प **Click here to "Modify online details after Submission for Staff Nurse Allopathic (M/F) (Mains) Exam.-2023"** पर क्लिक करके Dashboard के माध्यम से कर सकते हैं। उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक **14 March 2024** तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त **जाति प्रमाण–पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्ल्यू0एस0) प्रमाण पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र एवं दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र इत्यादि** के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

3–ऑनलाइन भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों (प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाओं, उपाधियों तथा अन्य सभी दावों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियॉ) सहित एक

लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक **21 March 2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक अथवा उसके पूर्व **सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, (परीक्षा अनुभाग–5), 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज, पिन कोड नं.–211018** को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

4–इसके अतिरिक्त आरक्षण के दावे के संबंध में प्रस्तुत अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण–पत्र डिजिटल प्रारूप में भी स्वीकार किये जायेंगे परन्तु उसके साथ निवास प्रमाण–पत्र आवश्यक है।

5– विज्ञापन के परिशिष्ट–5 में संविदा के आधार पर स्टाफ नर्स के रूप में कार्य करने सम्बन्धी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा जिसका प्रारूप दिया गया है। संलग्न है।

6– अभ्यर्थी द्वारा प्रश्नगत चयन हेतु प्रारम्भिक परीक्षा के आनलाइन आवेदन में श्रेणी/उपश्रेणी/अर्हता आदि के सम्बन्ध में किये गये दावे के समर्थन में अपने समस्त अभिलेख मुख्य परीक्षा के आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें, अन्यथा विज्ञापन के प्रस्तर–12 के नोट एवं प्रस्तर–13(4) में निहित प्राविधानानुसार उनका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

**संलग्नकः– अनुभव प्रमाण–पत्र ( विज्ञापन का परिशिष्ट–5 )**

29/2/2024

( ओंकार नाथ सिंह )
अनुसचिव।

# परिशिष्ट-5

## अनुभव प्रमाण पत्र

कार्यालय का नाम व पत्रांक सं0..................... दिनांकः..................

**उ0प्र0 अधीनस्थ नर्सिंग (अराजपत्रित) सेवा (चतुर्थ संशोधन) नियमावली-2016** के नियम-15(3)(ख) के परिप्रेक्ष्य में स्टाफ नर्स के रूप में संविदा के आधार पर कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र का प्रारूपः-

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/ कु0/ श्रीमती.......................................................... पुत्र/ पुत्री/ पत्नी श्री ....................................................... जन्म तिथि........................... स्थायी निवासी ............................................................................................................ ………………................................................................................................ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग उ0प्र0 के अन्तर्गत चिकित्सालय.............................. ........................................... एवं चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेज................................................ तथा उ0प्र0 सरकार के राजकीय चिकित्सालय................................................ के अन्तर्गत श्री/ कु0/ श्रीमती............................ दिनांक.................... से दिनांक................. तक संविदा स्टाफ नर्स (पुरूष/ महिला) के पद पर वेतनमान रू0............................ पर कार्यरत थे/ हैं।

स्थानः-

दिनांकः-

हस्ताक्षर

(मुख्यचिकित्साधिकारी

/ सी0एम0एस0(पु0/ म0)

/ रजिस्ट्रार/ प्रधानाचार्य/ निदेशक

/ प्रमुख अधीक्षक)

**नोट- 1.** जहाँ संविदा कार्मिक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं सेवाएं उ0प्र0 के अन्तर्गत कार्यरत है तो अनुभव प्रमाण पत्र सम्बन्धित मण्डल के अपर निदेशक स्वास्थ्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है।

2. आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत स्टाफ नर्स का अनुभव मान्य नहीं होगा।